देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 164 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 5 अक्टूबर 2023

**विचार–प्रवाह...**
महिला सशक्तीकरण के प्रभावी उपाय





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 20.0°

65226.04

2 ताइवान में तूफान कोइनु की आशंका

7 कोहली ने वर्ल्डकप से पहले खड़े किए हाथ

# सिक्किम बाढ़ में लापता हुए सेना के 23 जवान

## पीएम मोदी ने सीएम प्रेम सिंह से की बात, अबतक पांच की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सिक्किम के ल्होनक झील के ऊपर अचानक बादल फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आ गई है। इस बाढ़ में सेना के 23 जवान लापता हो गए हैं। हालांकि, केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है।

पीएम मोदी ने सिक्किम में आई भीषण बाढ़ को लेकर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बात की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सिक्किम के हालातों को लेकर राज्य के सीएम से बात की और उनसे दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिक्किम में किसी भी चुनौती से निपटने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया है। मैं प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।



### खतरे के निशान से नीचे तीस्ता नदी का जलस्तर

केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, तीस्ता नदी का जलस्तर बुधवार दोपहर एक बजे तक खतरे के निशान से नीचे था। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात बादल फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आ गई। पांच लोगों की मौत हो गई और सेना के 23 जवान भी लापता हो गए। गंगटोक के सब–डिविजनल मजिस्ट्रेट महेंद्र छेत्री ने बताया कि गोलिटार और सिंगतम से पांच लोगों के शव बरामद किए गए हैं। इसके अलावा गोलिटार से तीन लोगों को बचाया गया है।

**4 हजार लोगों को बचाया गया**

पाक्योंग के जिला मजिस्ट्रेट ताशी चोपेल ने बताया कि अचानक आई बाढ़ से बहुत सारी इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इस बाढ़ में जानमाल के नुकसान की भी खबरें सामने आई हैं। 20 लोगों के लापता होने का पता चला है, लेकिन ऐसी खबरें भी सामने आई है। जिसमें कहा जा रहा है कि सेना के 23 जवान लापता हैं। बाढ़ के बाद से करीब चार हजार लोगों को निकाला गया है। साथ ही जिले में 5 राहत शिविर भी खोले गए हैं।

विंग कमांडर हिमांशु तिवारी ने बताया कि सेना के 23 जवान अभी भी लापता हैं और 41 वाहन कीचड़ में फंस गए हैं। सिक्किम में लाचेन घाटी में अचानक आई बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने सिक्किम के सिंगतम में बादल फटने से आई बाढ़ के बाद 7 लोगों को बचाया है। एनडीआरएफ ने बताया कि एक टीम गंगटोक में और दो टीमें पश्चिम बंगाल, सिक्किम के आसपास के इलाकों में तैनात की गई हैं।

सिक्किम में बादल फटने से आई तबाही के बाद तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के नीचे है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, मेल्ली, सिंगतम और रोहतक में तीस्ता का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। हालांकि, खतरा अभी भी बरकरार है। मेल्ली में तीस्ता नदी का जलस्तर 214.63 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि खतरे का स्तर 224 मीटर है। केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि मेल्ली के आसपास बाढ़ की कोई स्थिति नहीं है।

### सिक्किम में बादल फटने पर सीएम ममता बनर्जी चिंतित

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 23 सैनिकों के लापता होने की खबर पर चिंता जताते हुए बंगाल सरकार की तरफ से मदद करने का वादा किया है। सीएम ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम के लिए मौजूदा मौसम में अधिक सतर्कता बनाए रखने का भी आग्रह किया। बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, षसिक्किम में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ के बाद 23 सैनिकों के लापता होने की खबर पाकर बहुत चिंतित हूं। हमारी सरकार की ओर से एकजुटता व्यक्त करते हुए और सहायता देने का वादा करते हुए, मैं उत्तर बंगाल के सभी लोगों से भी आग्रह करती हूं कि आपदा को रोकने के लिए मौजूदा सीजन में अधिक सतर्कता बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### वायु सेना को मिला एलएसी तेजस ट्रेनर विमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। वायु सेना को बुधवार को एलसीए तेजस ट्विन–सीटर ट्रेनर विमान मिल गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन ने भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को बंगलूरू में हुए एक कार्यक्रम में ट्रेनर विमान को सौंपा। वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा, आज एक महत्वपूर्ण दिन है।

### घुसपैठ को रोकने के लिए भारत म्यांमार सीमा पर लगाएं बाड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंफाल। मणिपुर में 3 मई को भड़की जातीय हिंसा को लेकर बीजेपी विधायक ने बड़ा बयान दिया है। बीजेपी विधायक ने मणिपुर हिंसा के लिए विदेशी आतंकवादी समूहों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने मांग की है कि देश में आतंकवाद फैलाने और अलगाववादी एजेंडे का प्रचार करने के लिए सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# दिल्ली शराब घोटाले में आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार

## 11 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने लिया एक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 11 घंटे की पूछताछ के बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आप सांसद की दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तारी की गई है।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह का नाम था। बुधवार को सुबह 6.30 बजे ईडी आप सांसद के घर पहुंच गई थी। लोकल थाना पुलिस से भी कोई जानकारी साझा नहीं की गई। शराब कारोबारी दिनेश अरोड़ा को सरकारी गवाह बनाने के अगले दिन ईडी ने संजय सिंह के 125 नॉर्थ एवेन्यू स्थित सरकारी आवास पर छापेमारी की थी।

### संजय सिंह की गिरफ्तारी गैर कानूनी है: अरविंद केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद की गिरफ्तारी पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया सामने आई है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संजय सिंह की गिरफ्तारी बिलकुल गैर कानूनी है। ये मोदी जी की बौखलाहट दर्शाता है। चुनाव तक ये कई और विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करेंगे।

दिनेश अरोड़ा ने बयान में कहा है कि संजय सिंह के अनुरोध पर उसने दिल्ली के रेस्तरां और बार मालिकों से 82 करोड़ जमा करके मनीष सिसोदिया को चेक के रूप में पार्टी फंड के बहाने दिया था। उस पैसे का इस्तेमाल उस दौरान आने वालों विस चुनावों में किया जाना था। खास बात है कि दिल्ली आबकारी नीति 2021–22 के कथित घोटाले में अब तक कुल 12 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

संजय सिंह शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार होने वाले 13 व्यक्ति हैं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नौ मार्च 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

**पुलिस से उलझे आप कार्यकर्ता**

संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद आप के कार्यकर्ता पुलिस से उलझ गए। पुलिस और आप कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। संजय सिंह के सरकारी आवास के बाहर जुटे आप कार्यकर्ता ने नारे लगाते हुए कहा, जब–जब मोदी डरता है ईडी को आगे करता है।

# नीरज चोपड़ा ने भारत को दिलाया 17वां गोल्ड मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2023 में भी नीरज चोपड़ा का जलवा देखने को मिला है। नीरज ने चीन की धरती पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में भारत की झोली में एक और गोल्ड मेडल डाल दिया है। नीरज ने अपने चौथे प्रयास में जैवलिन को 88.88 मीटर दूर फेंकते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। नीरज के अलावा, किशोर जेना ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल को अपने नाम किया। एशियन गेम्स के इतिहास में जैवलिन थ्रो में भारत ने पहली बार एकसाथ गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता है।

नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो के फाइनल इवेंट में पहला थ्रो 85 मीटर दूर फेंका, लेकिन मैच अधिकारियों ने इस थ्रो को जायज करार नहीं दिया। नीरज के इस थ्रो को लेकर काफी देर विवाद भी हुआ और इसके बाद भारतीय एथलीट को दोबारा से पहले थ्रो फेंकने का मौका दिया गया। नीरज ने अपना पहला थ्रो 82.38 मीटर दूर फेंका। इसके बाद दूसरे प्रयास में नीरज ने जैवलिन को 84.49 मीटर फेंकते हुए नंबर एक की पोजीशन को हासिल कर लिया। नीरज को गोल्ड मेडल के लिए अपने ही देश के खिलाड़ी किशोर जेना से कड़ी टक्कर मिली।

**सम्मान**

■भारत ने पहली बार एकसाथ गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता

### किशोर जेना के नाम रहा सिल्वर

नीरज को फाइनल मुकाबले में कड़ी टक्कर देने वाले किशोर जेना की झोली में रजत पदक आया। जेना ने फाइनल अपने करियर का बेस्ट थ्रो फेंकते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। किशोर जेना ने अपने चौथे प्रयास में जैवलिन को 87.54 मीटर दूर फेंकते हुए रजत पदक को अपने नाम किया। किशोर ने रजत पदक के साथ–साथ पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# रसायन के नोबेल पुरस्कार का एलान

### मौंगी जी. बावेंड, लुईस ई. ब्रूस और एलेक्सी आई. एकिमोव को मिलो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार का एलान कर दिया गया है। इस साल यह सम्मान संयुक्त रूप से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मौंगी जी. बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुईस ई. ब्रूस और नैनोक्रिस्टल टेक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई. एकिमोव को दिया गया है। पुरस्कार 'क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए के लिए दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका एलान किया।

2022 में रसायन के नोबेल स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका के कैरोलिन बेरटोजी, यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन (डेनमार्क) के मॉर्टेन मिएलडॉल और अमेरिका के स्क्रिप्स रिसर्च सेंटर के के. बैरी शार्पलेस को दिया गया था।

**दो अक्तूबर से ही हुई शुरुआत**

चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही सोमवार से नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हुई थी। दो अक्तूबर को चिकित्सा और तीन अक्तूबर को भैतिकी के नोबेल का एलान किया गया। चार अक्तूबर को रसायन विज्ञान के अवॉर्ड की घोषणा हुई।

### न्यूज डायरी



## अमेरिकी सदन से स्पीकर केविन मैक्कार्थी की छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला है। यहां पर प्रतिनिधि सभा ने रिपब्लिकन केविन मैक्कार्थी को स्पीकर पद से हटा दिया। अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार है कि सदन ने अविश्वास मत में अपने नेता को पद से हटाया है। कैलिफोर्निया के मैक्कार्थी को उस समय पद से हाथ धोना पड़ा जब आठ रूढ़िवादी रिपब्लिकन का एक छोटा समूह मोशन टू वैकेट का हिस्सा बन गया। इसमें सभी डेमोक्रेट्स शामिल थे। इस प्रस्ताव को फ्लोरिडा के जीओपी प्रतिनिधि मैट गेट्ज की तरफ से पेश किया गया था। वह काफी लंबे समय से मैक्कार्थी के खिलाफ रहे हैं। आखिरी वोट 216–210 था। वोट खत्म होने के बाद उत्तरी कैरोलिना के प्रतिनिधि पैट्रिक मैकहेनरी ने अस्थायी वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने सदन में छुट्टी घोषित कर दी। मैकहेनरी, मैक्कार्थी के करीबी सहयोगी और वित्तीय सेवा समिति के अध्यक्ष हैं। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक मैक्कार्थी ने शाम सहकर्मियों से कहा कि वह दोबारा स्पीकर पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## चीन की परमाणु पनडुब्बी अपने ही जाल में फंस गई, पीले सागर में बड़ा हादसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की एक और परमाणु पनडुब्बी हादसे का शिकार हो गई है। बताया जा रहा है कि इस बार भी पीले सागर में ही उसके साथ हादसा हुआ है। इस हादसे में पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) के 55 नौसैनिकों की मौत की खबरें आ रही हैं। ब्रिटेन के अखबार डेली मेल की तरफ से इस बात की जानकारी दी गई है। अखबार की मानें तो परमाणु पनडुब्बी पीले सागर में ब्रिटिश जहाजों को फंसाने के इरादे से बनाए गए जाल में ही फंस गई। कुछ दिनों पहले भी ऐसा ही एक हादसा हुआ था। अभी तक चीन की तरफ से दोनों ही हादसों पर चुप्पी साधी रखी गई है। यूके की एक सीक्रेट रिपोर्ट के अनुसार एक नौसैनिक मौत पनडुब्बी के ऑक्सीजन सिस्टम की विनाशकारी विफलता के कारण हुई। इसकी वजह से क्रू जहर का शिकार हो गया। कहा जा रहा है कि मृतकों में चीनी पीएलए नौसेना की पनडुब्बी 093–417 का कैप्टन और 21 और अधिकारी भी शामिल हैं। आधिकारिक तौर पर चीन ने इस घटना से इनकार कर दिया है। माना जा रहा है कि चीन ने अपनी क्षतिग्रस्त पनडुब्बी के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद का अनुरोध मानने से भी इनकार कर दिया है।

## नेपाल में आए भूकंप से दहशत में लोग, भूस्खलन से हुई एक महिला की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। बीते मंगलवार को नेपाल में भूकंप आया था जिसकी तीव्रता 6.2 मापी गई थी। इस दौरान देश के कई अन्य राज्यों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप के कारण नेपाल में भूस्खलन की भी घटना सामने आई थी, जिसमें एक महिला बह गई थी और उसकी मौत हो गई। बचावकर्मियों द्वारा महिला का तलाशी अभियान अभी भी जारी है। बुधवार को फावड़े और हाथों से खुदाई करते हुए नजर आए। मंगलवार को भारत की सीमा से लगे बझांग जिले में लगभग आधे घंटे के अंतर पर 6.3 और 5.3 तीव्रता के दो भूकंप आए, जिससे कई घर ढह गए। इस दौरान कम से कम 16 लोग घायल हुए, भूस्खलन हुआ और एक मुख्य सड़क भी टूट गई। पुलिस अधिकारी दीपेश चौधरी ने ओखल गांव में भूस्खलन स्थल से कहा कि बचावकर्मियों को कुछ मानव अवशेष मिले हैं, जिससे पता चलता है कि लापता महिला की मौत हो चुकी है।

## निज्जर के गुरुद्वारे पहुंचे कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ऐसा लगता है कि खालिस्तान मामले पर आंख बंद रखने का फैसला किया है। तभी तो उनके करीबी और लिबरल पार्टी के सांसद हर वह काम कर रहे हैं जो भारत के हितों के खिलाफ है। ट्रूडो के करीबी सुख धालीवाल को सरे के उसी गुरुद्वारे में देखा गया है जहां पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। सरे का गुरुद्वारा इस समय भारत और कनाडा के बीच तनाव का मुख्य केंद्र बना हुआ है।

# नेपाल में दो समुदायों के बीच भड़की हिंसा

**तनाव**

### अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा, यूपी के सटे हुए इलाकों में भी अलर्ट घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल के नेपालगंज इलाके में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी है। भारी तनाव को देखते हुए पूरे नेपालगंज इलाके में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है। मुख्य जिला अधिकारी बिपिन आचार्य ने कहा कि हिंसा और पत्थरबाजी को देखते हुए आम लोगों की सुरक्षा के लिए यह कर्फ्यू लगाया गया है। किसी को भी इकट्ठा होने की अनुमति नहीं दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अगर किसी को कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश के इलाकों में भी अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में नेपाल के अंदर सांप्रदायिक हिंसा में काफी तेजी आई है। हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए अब स्थानीय प्रशासन को बार–बार कर्फ्यू लगाना पड़ रहा है। हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों की टेंशन बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि धारन के इलाके में उस समय तनाव भड़क उठा जब एक वीडियो सामने आया जिसमें लोगों को बीफ खाते हुए दिखाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया।



**नेपाल में कैसे भड़की सांप्रदायिक हिंसा?:** इसके बाद एक दूसरे गुट ने पूरे कोशी प्रांत से लोगों को जुटाया और गायों की रक्षा के लिए रैली निकाला। इस दौरान जमकर हिंसा और पत्थरबाजी हुई। हिंसा के बाद बड़े पैमाने पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। अभी तक हिंसा में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। इसी तरह से मलंगवा और सरलाही इलाकों में हालात को काबू करने के लिए काफी लंबे समय तक कर्फ्यू लगाना पड़ा था। इसी तरह से मलंगवा इलाके में भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच हिंसा भड़क उठी थी।

बताया जा रहा है कि इस हिंसा में एक दर्जन लोग घायल हो गए और 24 साल के रुपेश यादव को चाकूओं से कई बार गोद डाला गया। बताया जा रहा है कि रुपेश पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला किया था। रुपेश का अभी बीरगंज के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस हिंसा के बाद हिंदुओं ने बीरगंज में प्रदर्शन किया और दुकानों को बंद कराने की कोशिश की। हालांकि सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद स्थानीय प्रशासन ने एक शांति रैली आयोजित की।

## ताइवान में तूफान कोइनु की आशंका, कई उड़ानें की गई रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। ताइवान में बीते दिनों हाइकुई तूफान ने दस्तक दी थी। जिसके बाद अलर्ट जारी किया गया था। वहीं, अब ताइवान के कुछ हिस्सों में फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। जिसका कारण टाइफून कोइनु तूफान बताया जा रहा है। नागरिक उड्डयन प्रशासन के अनुसार, बुधवार को द्वीप भर के हवाई अड्डों पर कम से कम 93 उड़ानें रद्द कर दी गई।

सेंट्रल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मैरीटाइम एंड पोर्ट ब्यूरो ने कहा कि 96 नौका यात्राएं रद्द कर दी गई हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, तूफान बुधवार रात या गुरुवार सुबह ताइवान के दक्षिणपूर्वी हिस्से में दस्तक दे सकता है। बुधवार को, उत्तरी और पूर्वी ताइवान में बारिश हो रही है। इसके बाद पूर्वी तट और दक्षिण में भी भारी बारिश होने की उम्मीद है। खराब मौसम की आशंका के कारण स्कूल और कार्यालय बंद करने की घोषणा की है।

दक्षिणी पिंगटुंग काउंटी के कुछ हिस्सों में भी बंद की घोषणा की है। ताइवान के मौसम ब्यूरो के अनुसार, तूफान बुधवार को सुबह 155 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम निरंतर हवाओं और 191 किलोमीटर प्रति घंटे (119 मील प्रति घंटे) की रफ्तार के साथ पश्चिम की ओर ताइवान की ओर बढ़ रहा था।



## चांद पर चीनी ड्रैगन को मात देने की तैयारी में नासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बाकू। चंद्रमा पर अड्डा बनाने को लेकर चीन की बढ़ती तैयारी को मात देने के लिए अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी कमर कस ली है। नासा एक के बाद एक लॉन्च किए जाने वाले अपने आर्टेमिस मिशनों के जरिए इंसान को चांद पर फिर से उतारने जा रही है। नासा के उप प्रशासक पाम मेलरोय ने अजरबैजान में आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस की बैठक में अपनी इस तैयारी पर बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने कहा कि आर्टेमिस–2, आर्टेमिस–3 और आर्टेमिस–4 के हार्डवेयर पर बहुत तेजी से काम चल रहा है। यही नहीं आर्टेमिस–2 के लिए जाने वाले रॉकेट में इंजन को जोड़ दिया गया है। इस बैठक में भारत, चीन और जापान समेत दुनिया के कई देशों के प्रमुख वैज्ञानिक और स्पेस एजेंसियों के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

# ट्रूडो की विदेश मंत्री ने जताई प्राइवेट टॉक की इच्छा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। भारत और कनाडा के बीच तनाव सुलझता नहीं दिख रहा है। भारत ने अब कनाडा के 41 राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कह दिया है। इसके बाद रिश्तों के और तनावपूर्ण होने की आशंका बढ़ गई है। लेकिन इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की विदेश मंत्री का बड़ा बयान आया है। विदेश मंत्री मेलोनी जॉली ने अब भारत के साथ अकेले में यानी प्राइवेट वार्ता की बात कही है। जोली ने कहा है कि वह चाहती हैं भारत और कनाडा के बीच सभी मसलों का हल हो जाए और इसके लिए वह अकेले में बात करना चाहती हैं।

### भारत के पलटवार से कनाडा की अकड़ पड़ी ढीली

**भारत सरकार के संपर्क में:** कनाडाई मंत्री ने कहा, हम भारत सरकार के संपर्क में हैं। हम कनाडा के राजनयिकों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं। हम निजी तौर पर बातचीत करना जारी रखेंगे क्योंकि हमारा मानना है कि राजनयिक बातचीत निजी रहने पर ही सबसे अच्छी होती है। भारत ने कनाडा को 10 अक्टूबर तक करीब 41 राजनयिकों को वापस बुलाने का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो सरकार ने समय सीमा के बाद देश में रहने वाले किसी भी कनाडाई राजनयिक की राजनयिक प्रतिरक्षा छीनने की भी धमकी दी है।

**भारत के कड़े तेवर:** फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने कनाडा से अपनी राजनयिक उपस्थिति 62 से घटाकर 41 राजनयिकों तक करने की रिक्वेस्ट की है। हालांकि अभी तक, न तो भारत और न ही कनाडा ने आधिकारिक तौर पर इस पर कोई प्रतिक्रिया दी है।

ट्रूडो ने कहा कि उनका देश भारत के साथ तनाव को आगे बढ़ाने के बारे में नहीं सोच रहा है। उनका कहना था कि कनाडा नई दिल्ली के साथ जिम्मेदारीपूर्वक और रचनात्मक रूप से जुड़ना जारी रखेगा। ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार कनाडा के परिवारों की मदद के लिए भारत में जमीन पर रहना चाहती है।

## लाल टोपी जैद हामिद ने अब हिंदुओं के खिलाफ उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में लाल टोपी के नाम से कुख्यात जैद हामिद ने एक बार फिर भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला है। जैद हामिद ने कहा है कि पाकिस्तानी फौज गजवा–ए–हिंद की मुजाहिदीन है। वह भारत के हिदुओं के खिलाफ 1947 से जंग लड़ रही है। लाल टोपी ने हिंदुओं के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि हिंदुस्तान के खिलाफ हुई हर एक जंग गजवा–ए–हिंद है। मोहम्मद बिन कासिम, महमूद गजनवी, मुहम्मद गोरी, अहमद शाह अब्दाली के बाद अब पाकिस्तान फौज ने भारत के हिदुओं के खिलाफ गजवा–ए–हिंद में मुजाहिदीन बनकर शामिल है। यह वही पाकिस्तानी लाल टोपी वाला है, जिसने कुछ दिनों पहले चंद्रमा पर भारत के चंद्रयान–3 की लैंडिंग का सबूत मांगा था। जैद हामिद ने कहा कि बिलकुल साफ बता दें कि सईदी रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की हदीस मुबारका के मुताबिक, हिंदुस्तान के हिंदुओं से होने वाली हर एक जंग गजवा–ए–हिंद में शामिल है।

## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# किसानों से 38.64 रुपए प्रति किलो की दर पर खरीद करेगी सहकारी समितियां

**बैठक**

## राज्य मिलेट मिशन की बैठक में तैयार हुई मोटे अनाज की खरीद–बिक्री की रूपरेखा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। कोदा–झंगोरा अब किसानों की आजीविका सुधार में अहम किरदार निभाएगा। राज्य मिलेट मिशन के तहत मंडवा समेत अन्य मोटे अनाज की खरीद–बिक्री पर जोर दिया जा रहा है। जनपद के अधिकारियों ने भी इसके लिए कमर कस ली है। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सहकारिता, कृषि एवं संबंधित विभागों ने जनपद में मिशन के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की।

मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन सभागार में आयोजित राज्य मिलेट मिशन–2023 की बैठक के दौरान कहा कि दुनियाभर में 2023 अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जी–20 समेत अन्य मंचों पर मोटे अनाज को एक वैश्विक पहचान दिलाई है। उत्तराखंड का कोदा यानी मंडवा, चोलाई समेत अन्य मोटा अनाज



ऑर्गेनिक होने के चलते हमेशा ही डिमांड में रहा है। मिलेट मिशन ने इसकी मांग को और बढ़ावा दिया है, ऐसे में राज्य सरकार की ओर से इस सत्र में जनपद को 12 हजार कुंतल मंडवा उत्पादन का लक्ष्य दिया है। किसानों में मंडवे की खेती को बढ़ावा देने के लिए मंडवा 38.64 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को किसानों द्वारा मंडवा बिक्री के लिए गांव से क्रय केंद्र पर लाने की पूरी व्यवस्था बनाने एवं इसके लिए ढुलान कैसे आवंटित किया जाएगा, इसके लिए स्पष्ट रणनीति बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा क्षेत्रीय अधिकारीध्कर्मचारियों को राज्य मिलेट मिशन सत्र 2023–24 हेतु लक्ष्य आवंटित किए गए। उन्होंने न्याय पंचायतवार लक्ष्य आवंटित किए जाने के उपरांत मिलेट खरीद दर के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिला सहायक निबंधक सहकारिता रणजीत सिंह राणा द्वारा समस्त एमपैक्स सचिवों की लक्ष्य आवंटित कर किसानों को क्रय मिलेट को भण्डारण करने के 72 घंटे के अंदर संबंधित किसान को भुगतान करने के निर्देश दिए गए। राणा ने बताया कि समूहों या समितियों को मंडवे की बिक्री पर प्रति कुंतल 150 रुपए प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। बताया कि सहकारी समितियों को मंडवे के ढुलान के लिए 50 हजार प्रति क्रय केंद्र सरकार कृषि विभाग के माध्यम से आवंटित करेगी, जिससे किसानों को ढुलान खर्च वहन न करना पड़े।

**१३ प्रतिशत से कम सत्यापन पर अधिकारियों का वेतन रोकाः** केंद्र सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही किसान निधि का सत्यापन पूरा न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताई। जिले में 11 हजार किसानों में से अब तक 4000 किसानों का ही सत्यापन हुआ है। उन्होंने अब तक 13 प्रतिशत भी सत्यापन नहीं कर सके अधिकारी एवं कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने 13 फीसद से कम सत्यापन वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए सत्यापन न बढ़ने तक वेतन रोके रखने को कहा।

## न्यूज डायरी

### कम्युनिटी स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

**संवाददाता** पौड़ी गढ़वाल।' आयुष्मान भवः अभियान के तहत मेडिकज कॉलेज श्रीनगर के तत्वाधान में कम्युनिटी स्वास्थ्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांखाल में किया गया। मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी द्वारा किया गया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमें में आम जनमानस को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधित लाभ मिल सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांवखाल विशेषज्ञ हैल्थ मेले में 225 लोगों की डायबीटीज, हाइपरटेंशन, ओरल, ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर, नेत्र रोग, स्वास्थ्य जांच की गयी। स्वास्थ्य मेले में 15 आयुष्मान कार्ड, 151 आभा आईडी व 2 लोगों द्वारा अंगदान की शपथ ली गयी। स्वास्थ्य मेले में नेत्र रोग, अस्थि रोग विशेषज्ञ, ईएनटी, स्त्री रोग, बाल रोग, मेडिसीन आदि विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवायें दी गयी।

### मंत्री गणेश जोशी ने पीएम के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां का लिया जायजा

**संवाददाता** चम्पावत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चंपावत जिले के सम्भावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत व पूर्व तैयारियों को लेकर बुधवार को प्रदेश के कृषि एवं कृषि कल्याण,सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी जी जनपद चम्पावत पहुँचे, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां का जायजा लिया,उन्होंने लोहाघाट स्थित छमनिया हेलिपैड स्थल पर कराए जा रहे आवश्यक कार्यों व तैयारियां के बारे में जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय से जानकारी ली व आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान लोहाघाट स्थित अद्वैत मायावती आश्रम का भी स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों व आश्रम के प्रबंधकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

### महिला कॉलेज में स्थापित किया गया अमृत कलश

**संवाददाता** हल्द्वानी। महिला डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाइयों ने बुधवार को 'मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कॉलेज में अमृत कलश की स्थापना की। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। शौर्य दीवार के समक्ष अमृत कलश स्थापित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता जोशी ने कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य अपनी भूमि से जुड़कर और अपने नायकों का सम्मान करते हुए जनमानस में गौरव की भावना पैदा करना है। डॉ. रितुराज पंत ने कहा कि कार्यक्रम के तहत छात्राएं अपने घरों से मिट्टी या चावल लाकर कॉलेज में स्थापित अमृत कलश में एकत्र करेंगी।

## नदारत अधिकारियों को प्रशिक्षण लेते हुए प्रस्तुत करना होगा प्रमाण–पत्र

**संवाददाता** पौड़ी गढ़वाल। जिला प्रशासन गढ़वाल के सहयोग से ई–गवर्नेंस को लेकर आरएस टोलिया प्रशासनिक अकादमी नैनीताल द्वारा विकास भवन सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकांश जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भेजे जाने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रशिक्षण प्राप्त अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से प्रशिक्षण प्रमाण –पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरएस टोलिया प्रशिक्षण अकादमी नैनीताल से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला हर अधिकारी जिला स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण में प्राप्त की गई जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन सूचना का अधिकार, सेवा का अधिकार, सिटीजन चार्टर व ई–ऑफिस पर विषय विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, आरएस टोलिया प्रशिक्षण अकादमी नैनीताल से शोध अधिकारी डॉ प्रियंका त्यागी, डीडीओ मनविंदर कौर, जिला सूचना अधिकारी वीरेंद्र सिंह राणा, जिला पंचायतराज अधिकारी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### भूकंप की मॉकड्रिल में समझाए बचाव के टिप्स

**संवाददाता** चमोली। जिला आपदा प्रबंधन द्वारा जोशीमठ तहसील प्रशासन, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के साथ बुधवार को जोशीमठ में भूकंप को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त भवनों में से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालते हुए उपचार मुहैया कराने और रेस्क्यू ऑपरेशन संचालन के बारे में अभ्यास कराया गया। ताकि भूकंप जैसी आपदा में कम से कम रिस्पोंस टाइम में रेस्क्यू कार्यों को अंजाम दिया जा सके। उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी की देखरेख में संचालित यह मॉक अभ्यास पूरी तरह सफल रहा। बुधवार को दोपहर 12:30 बजे जोशीमठ स्थित जीएमवीएन गेस्ट हाउस में भूकंप के कारण कुछ लोगों के दबे होने की सूचना प्रसारित की गई। तहसील स्तरीय इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के रिस्पोंसिबल ऑफिसर एसडीएम कुमकुम जोशी ने आईआरएस से जुड़े सभी तहसील स्तरीय अधिकारियों को आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

# नए मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध करें

**संवाददाता** चमोली। मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार–विमर्श को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें नए मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन हेतु संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण संशोधन एवं परिवर्तन

**मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण पर राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक**

से संबधित अभी भी कोई सुझाव या प्रस्ताव बाकी है, तो तत्काल उपलब्ध करें। सभी एसडीएम तहसील स्तर पर जन प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए नए मतदेय स्थलों का पुनः पुनरीक्षण करें। इस दौरान बताया कि राजनैतिक दलों से अब तक प्राप्त प्रस्तावों और मतदाताओं के भौतिक सत्यापन के बाद मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन से संबधित कुल 45 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिसमें मतदेय स्थल की पैदल दूरी दो किमी से अधिक होने के कारण 20, एक ही भवन में संचालित दो मतदेय स्थलों में मतदाताओं की संख्या 1500 से कम होने पर समायोजित हेतु 02, किसी कारण से मतदेय स्थल के नाम में परिवर्तन होने पर 05, वर्तमान मतदेय स्थल क्षतिग्रस्त होने पर 12 और मतदाताओं की सुविधा हेतु किसी अनुभाग को दूसरे अनुभाग में शामिल करने हेतु 06 प्रस्ताव शामिल है।

नए मतदेय स्थलों बनाने हेतु प्राप्त 20 प्रस्ताव और मतदाताओं की संख्या 1500 से कम होने पर 02 मतदेय स्थलों के समायोजन के बाद कुल 18 नए मतदेय स्थल बनाए जाने के प्रस्ताव पूर्व में आयोग को भेजे जा चुके है। जनपद की तीनों विधानसभा में अभी 574 मतदेय स्थल है और 18 नए मतदेय स्थलों के प्रस्तावों पर आयोग की स्वीकृति मिलने के बाद जिले में मतदेय स्थलों की संख्या बढकर 592 हो जाएगी।

### बहुउद्देशीय शिविर का किया गया आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी व उनसे आम जन मानस को लाभान्वित किए जाने हेतु आज विकास खंड अगस्त्यमुनि के राजकीय इंटर कॉलेज गणेशनगर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया। इस दौरान जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों के विभिन्न प्रमाण–पत्र बनाए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्षवर्धन भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में उपस्थित लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। इसके साथ ही जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। साथ ही पेंशन, अटल आवास आदि हेतु पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र भरवाए गए। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 10 दिव्यांग, 14 वृद्धावस्था पेंशन, 06 विधवा पेंशन, 05 विकलांग प्रमाण पत्र निर्गत किए गए।

# महिला सशक्तीकरण के प्रभावी उपाय

**हालांकि इन तीन दशकों में न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। यह बिल पास कराने की पहली कोशिश 1966 में हुई थी। उस समय इस विधेयक को जिस तरह का विरोध झेलना पड़ा था, वह अचंभित करने वाला था।**

आरती शाह।।

संसद का विशेष सत्र इस मायने में ऐतिहासिक हो या कि केंद्र सरकार ने इसमें महिला आरक्षण विधेयक लाने का फैसला किया है। सत्र शुरू होने पर कांग्रेस ने यह मांग उठाई कि सरकार इसी सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाकर संसद और विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था लागू कराए। एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। न सिर्फ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों ने बल्कि NDA से जुड़े BJD और NCP (अजित पवार गुट) जैसी पार्टियों ने भी इस मांग पर जोर दिया। मतलब यह कि अगर कोई अजूबा न हुआ तो यह महत्व्वपूर्ण वध्धियेक इस सत्र में आसानी से पारित होकर कानून का रूप ले लेगा ध्यान रहे, यह बिल पास कराने की पहली कोशिश 1996 में हुई थी। हालांकि इन तीन दशकों में न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। यह बिल पास कराने की पहली कोशिश 1966 में हुई थी। उस समय इस विधेयक को जिस तरह का विरोध झेलना पड़ा था, वह अचंभित करने वाला था। सत्तारूढ़ दल और मुख्य विपक्षी दल इसके समर्थन में थे, इस लिहाज से विधेयक पारित होने में कोई बड़ी बाधा नहीं थी। लेकिन जो छोटे दल इसके विरोध में थे, उससे जुड़े सदस्यों ने जबर्दस्त हंगामा किया, यहां तक कि बिल की प्रतियां छीन कर फाड़ दी गईं।

उस स्थिति में विधेयक संसद में पेश ही नहीं किया जा सका।

माना जा रहा था कि भले ही प्रमुख दलों के नेतृत्व ने औपचारिक तौर पर विधेयक के पक्ष में स्टैंड लिया था, लेकिन प्रायः सभी दलों के पुरुष सांसद अंदर ही अंदर इसके खिलाफ थे और विरोध कर रहे सांसदों को, परदे के पीछे से, इन सबका समर्थन हासिल था। यही मुख्य वजह रही कि करीब 27 साल से सभी प्रमुख दलों की सहमति के बावजूद यह विधेयक कानून नहीं बन सका।

मगर पिछले करीब तीन दशकों के दौरान न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ी हैं, उन्होंने खुद को सशक्त बनाया है। यहां तक कि चुनाव में भागीदारी के मामले में भी उन्होंने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। इस लिहाज से 209 लोकसभा जात को खास माना जा सकता है। इन चुनावों में पहली बार महिला चोट की संख्या पुरुष वोटरों से ज्यादा हो गई। जाहिर है, राजनीति ज्यादा समय तक इन बदलावों की अनदेखी नहीं कर सकती।

लेकिन यह बात भी ध्यान में रखने वाली है कि महिला सशक्तीकरण का सीधा संबंध विकास की रफ्तार से होता है। और राजनीतिक भागीदारी एवं नीति निर्माण में प्रत्यक्ष भूमिका महिला सशक्तीकरण के सबसे प्रभावी उपाय हैं। ऐसे में इस बिल का करीब तीन दशकों तक लटके रहना न सिर्फ महिला हितों के लिए बल्कि विकास की गति के लिहाज से भी नुकसानदेह रहा। जाहिर है, देर बहुत हो गई, लेकिन फिर भी यह पहल अच्छी है।

## भाग्य–किस्मत

**अशोक वोहरा।**

धर्म-दर्शन



अब ऐसा नहीं है की सब कुछ पहले से निश्चित है लेकिन इस बात को भी नहीं झुठलाया जा सकता की भाग्य–किस्मत जैसी चीजे भी संसार मे कही न कही अगजिस्ट करती हैद्य आपने ये कहावत तो सुनी ही होगी की दाने दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम। यानि हम सब इंसान तो मात्र एक जरिया है करने करने वाला तो वो ईश्वर ही है वही परम शक्ति है। सेठ ने पीछे से इन दोनों भिखारियों की बात सुन ली. सेठ पहले वाले भिखारी की बातों से थोड़ा प्रभावित हो गया जिस वजह से उसने दूसरे वाले भिखारी के बारें सोचा और ये विचार किया की देखते है ईश्वर की किरपा पहले वाले भिखारी पर कैसे होती है। अमीर आदमी ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा, "कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है वह हमेशा ईश्वर से मांगता है तो अवश्य ईश्वर उसकी जरूर सुनेगा।'

# संपादकीय

## अफ्रीकी देशों का जुड़ाव

भारत की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि जी20 का विस्तार कर इसमें 21वें सदस्य के तौर पर 54 सदस्यों वाली अफ्रीकी यूनियन को शामिल करवाने की रही। इससे अफ्रीका में भारत के प्रति सद्भावना तो बढ़ेगी ही, उस महाद्वीप के छोटे और गरीब देशों पर चीन के जरूरत से ज्यादा असर को काटने में भी मदद मिलेगी। करीब एक अरब की आबादी वाला अफ्रीकी महाद्वीप एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाली ताकत बन चुका है, जिसके बाजार को बाकी विश्व के लिए फायदेमंद बनाने के लिए जी20 के सदस्य देश पारदर्शी आर्थिक सहयोग योजनाएं पेश कर सकते हैं। जी20 शिखर बैठक के इतर भारत–मध्यपूर्व–यूरोप को सड़क, रेल व समुद्री मार्ग से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क योजना को मंजूरी देकर चीन को यह अप्रत्यक्ष संदेश दिया कि वह बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट के नाम पर छोटे देशों का आर्थिक दोहन न करे। भारत का अफ्रीकी महाद्वीप के साथ दशकों का गहरा नाता रहा है जिसका परस्पर लाभ उठाने के लिए दोनों पक्ष जी20 के मंच का सदुपयोग कर सकते हैं।

चीन को स्वाभाविक ही, यह नागवार गुजर रहा था क्योंकि वह भी अपने को ज्ञान देने वाली प्राचीन ताकत के तौर पर स्थापित करना चाहता है।

# चीन दरकिनार

रंजीत कुमार।।

जी 20 की नई दिल्ली में हुई 18वीं शिखर बैठक में आर्थिक सहयोग, खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा, जीवनयापन की समस्याओं से निपटने और सहयोग बढ़ाने से जुड़े कई मुद्दों पर सहमति हासिल कर 64 पैरा की संयुक्त विज्ञप्ति जारी करने में कामयाबी मिली है। इस तरह भारत ने जी20 को अपने लक्ष्य हासिल करने की दिशा में फिर से पटरी पर लाने में अहम योगदान किया है। लेकिन भारत के कूटनीतिक नजरिए से देखा जाए तो कई और बड़ी कामयाबियां हाथ लगी हैं। ये ऐसी कामयाबियां हैं, जिन पर भारतीय राजनयिक सार्वजनिक चर्चा नहीं करना चाहते, लेकिन दबी जुबान से इन्हीं स्वीकार करते हैं।

जी 20 पर हावी होने की चीन की कोशिशों को नाकाम करने और उसे अलग–थलग करने में भारत ने जो कामयाबी पाई है, वह जी20 के बहाने भारत को वैश्विक राजनीतिक पटल पर प्रमुखता से पेश करेगी। शिखर बैठक में भारत ने जी20 के साझा बयान पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाबी पाई। इस बयान में भारत की चिंताएं प्रमुखता से उजागर हुई हैं। यही नहीं, इनसे निपटने के उपाय तक बताकर भारत ने सदस्य देशों को संदेश दिया है कि उन्हें साझा घोषणा में कही गई बातों पर ईमानदारी से अमल



भी करना होगा।

शिखर बैठक समाप्त होने के एक दिन पहले ही जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साझा बयान पर सहमति का ऐलान कर दिया, उससे सनसनी फैल गई। आम तौर पर किसी शिखर बैठक के समापन के बाद ही संयुक्त विज्ञप्ति जारी की जाती है, लेकिन मेजबान भारत ने इस परंपरा को तोड़कर सबको सुखद आश्चर्य में डाल दिया। जी20 का गठन मूल रूप से वैश्विक आर्थिक सहयोग के लिए नब्बे के दशक के अंत में किया गया था। इसकी पहली शिखर बैठक 2008 में वॉशिंगटन में हुई थी। इसी साल दुनिया एक गंभीर वित्तीय संकट के दौर से गुजरी, जिससे मिलकर निपटने का संकल्प लिया गया। लेकिन जी20 के आपसी सहयोग की भावना का दुरुपयोग करते हुए चीन ने दुनिया की सप्लाई चेन यानी औद्योगिक माल की आपूर्ति पर एकाधिकार स्थापित कर लिया। जी20 की 2008 में पहली औपचारिक शिखर बैठक के डेढ़ दशक बाद फिर से दुनिया पर शीतयुद्ध की छाया दिखने लगी है और आर्थिक सहयोग के मसलों पर राजनीति हावी होने लगी है। इसी पृष्ठभूमि में नई दिल्ली बैठक भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिस पर शीतयुद्ध की छाया को मिटाने में भारत काफी हद तक कामयाब हुआ। जी20 का ताजा घोषणापत्र आर्थिक व सामरिक प्रभुत्व बनाने की रणनीति पर चलने वाले कुछ देशों के लिए मुनासिब संदेश भी देता है। इस दस्तावेज में सभी देशों से किसी भी देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का हनन नहीं करने और अपनी जमीनी व समुद्री सीमाओं के विस्तार की कोशिशों से बाज आने को भी कहा गया है। वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को भारत जी20 के विकास मंत्र के तौर पर स्थापित करने में भी कामयाब हुआ।

चीन को स्वाभाविक ही, यह नागवार गुजर रहा था क्योंकि वह भी अपने को ज्ञान देने वाली प्राचीन ताकत के तौर पर स्थापित करना चाहता है। इसी के तहत चीन ने अपने बेल्ट एंड रोड की योजना को साझा बयान में शामिल करवाने पर जोर दिया जिसका भारत सहित कई अन्य सदस्यों ने विरोध किया। चीन की इस मंशा के खिलाफ भारत के प्रयासों को जी20 में ताकत मिली।

## अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5049 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### भारतीय कूटनीतिक योगदान को समझाने का प्रयास

**मोहन।** एक अहम उपलब्धि यह भी रही कि इसके बहाने विश्व राजनीतिक पटल पर भारतीय कूटनीति को जन–जन तक पहुंचाया जा सका। 50 से अधिक शहरों में 200 से अधिक बैठकों का आयोजन कर सरकार ने देशवासियों को भारतीय कूटनीतिक योगदान को समझाने का प्रयास तो किया ही, दुनिया के अलग–अलग देशों से आए हजारों प्रतिनिधियों को भी भारत की वास्तविक ताकत से अवगत कराने में कामयाबी पाई। जी20 शिखर बैठक के इतर भारत–मध्यपूर्व–यूरोप को सड़क, रेल व समुद्री मार्ग से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क योजना को मंजूरी देकर चीन को यह अप्रत्यक्ष संदेश दिया कि वह बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट के नाम पर छोटे देशों का आर्थिक दोहन न करे। साझा बयान में हालांकि चीन और रूस का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन दोनों देशों ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के इलाकों पर कब्जा करने की सैनिक व असैनिक कार्रवाई की है, उसके मद्देनजर इसमें उन्हें दी गई परोक्ष नसीहत भी छुपी नहीं रह गई है।





## झलक दिखला जा 11 में नजर आएंगे शोएब इब्राहिम!

एक्टर शोएब इब्राहिम ने हाल ही अपने वीडियो ब्लॉग में फैंस को जानकारी दी थी कि उन्हें एक नया प्रोजेक्ट मिल गया है। वह इसके लिए बेहद उत्साहित हैं। शोएब इब्राहिम इस वक्त श्अजूनीश में नजर आ रहे हैं। हालांकि शोएब ने यह भी नहीं बताया था कि उन्हें कौन सा नया शो मिला है। पर पक्की खबर है कि वह डांस रियलिटी शो श्झलक दिखला जाश में नजर आएं। झलक दिखला जां का यह 11वां सीजन होगा, जोकि जल्द शुरू होगा। शोएब इब्राहिम का नाम झलक दिखला जा 11 के लिए कन्फर्म हो चुका है। कई और सिलेब्रिटीज का नाम इस शो के लिए कन्फर्म है, और उन्होंने अपना बेस्ट देने के लिए रिहर्सल भी शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि श्झलक दिखला जा 11श के लिए सुंबुल तौकीर खान, शिवांगी जोशी और शिव ठाकरे को भी अप्रोच किया गया है। शो के लिए उर्वशी ढोलकिया, सुरभि चंदना और मनीषा रानी के भी नाम की चर्चा है। ऐश्वर्या शर्मा का नाम भी इस डांस रियलिटी शो के लिए सुनने में आया है। कहा जा रहा है कि झलक दिखला जा का 11वां सीजन नवंबर 2023 के पहले हफ्ते से शुरू होगा और फरवरी 2024 में खत्म हो जाएगा। कहा जा रहा है कि डांस रियलिटी शो को मनीष पॉल होस्ट करेंगे।

## द कपिल शर्मा शो को शैलेश लोढ़ा ने कहा था अश्लील?

तारक मेहता का उल्टा चश्मा को छोड़ चुके शैलेश लोढ़ा ने कॉमेडी शोज को लेकर रिएक्शन दिया। ऐसे कार्यक्रमों में होने वाली कॉमेडी के बारे में उन्होंने खुलकर बात की। साथ ही द कपिल शर्मा शो की आलोचना करने और खुद ट्रोल होने वाले मुद्दों पर भी उन्होंने रिएक्ट किया। हुआ ये था कि एक वक्त था जब शैलेश लोढ़ा को कपिल शर्मा शो की आलोचना करने और फिर उन्हीं के शो में जाने को लेकर लोगों ने भला बुरा कहा था। शैलेश लोढ़ा ने कहा, श्मैंने और कपिल शर्मा ने साथ में काम किया है। साल 2012 में मैं और कपिल सिंगापुर में साथ में एक शो कर रहे थे जिसका नाम था कॉमेडी नाइट्स विद शैलेश और कपिलश। मेरी बातों को गलत तरह से पेश किया गया। मैंने कहा था कि मुझे बुआ, दादी के साथ फ्लार्टिंग करना पसंद नहीं। ये हमारी संस्कृति नहीं है। मैं खुद ऐसी चीजों में सहज नहीं हूं। आज भी मैं अपनी इस बात पर अडिग हूं। वह आगे कहते हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं था कि मैं कपिल शर्मा के शो में नहीं जाऊंगा या फिर काम नहीं करूंगा। क्योंकि मैंने उनके शो पर ये सब नहीं कहा।

## दूसरे बच्चे के बाद एक्टिंग छोड़ देंगी अनुष्का शर्मा?



पिछले काफी दिनों से ऐसी चर्चा है कि अनुष्का शर्मा दूसरी बार मां बनने वाली हैं। वह अभी दूसरी प्रेग्नेंसी के फेज में हैं। हालांकि अनुष्का या विराट कोहली की तरफ से इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन हाल–फिलहाल में जो चीजें हुई हैं, वो इसी ओर इशारा कर रही हैं कि अनुष्का जल्द ही दूसरे बच्चे को जन्म दे सकती हैं। साल 2021 में बेटी वामिका के जन्म के कुछ समय बाद अनुष्का ने यह साफ कहा था कि वह सिर्फ नाम के लिए फिल्में नहीं करेंगी। वामिका को ज्यादा वक्त देंगी, इसलिए सिर्फ चुनिंदा स्क्रिप्ट ही लेंगी। ऐसे में सवाल है कि क्या वह दूसरे बच्चे के बाद एक्टिंग छोड़ देंगी? इसी के बीच अनुष्का शर्मा का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने सिमी ग्रेवाल के शो में अपने फ्यूचर को लेकर बात की थी। साथ ही कहा था कि शादी और बच्चे होने के बाद वह काम नहीं करेंगी। मालूम हो कि हाल ही जब ।दनीं"तिउं को पपाराजी ने तस्वीरों के लिए पोज देने के लिए कहा, तो एक्ट्रेस ने इनकार कर दिया। ढीली–ढाली शर्ट और पैंट में अनुष्का जल्दबाजी में दिखीं।

# बेटी जान्हवी कपूर, श्रीदेवी की शादी से पहले पैदा हुई थीं या बाद में



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

फिल्ममेकर बोनी कपूर इस वक्त अपने एक इंटरव्यू को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने श्रीदेवी के साथ शादी से लेकर उनकी मौत और पहली पत्नी मोना को लेकर कई खुलासे किए हैं। इसी इंटरव्यू में बोनी कपूर ने श्रीदेवी के साथ शिरडी में गुपचुप शादी और बेटी जान्हवी के जन्म को लेकर भी बात की। रिपोर्ट्स में अब तक यही दावा किया जाता रहा है कि श्रीदेवी, बोनी कपूर से शादी से पहले ही मां बन गई थीं, और जान्हवी कपूर को जन्म दिया था। पर बोनी कपूर के मुताबिक, ऐसा नहीं है। जान्हवी, उनकी और श्रीदेवी की शादी के बाद पैदा हुई थीं।

**बोनी कपूर ने बताया सच**

अपनी जिंदगी के कई पन्ने खोले और बातें शेयर कीं। बोनी कपूर ने यह भी कहा कि उन्होंने पहली पत्नी मोना को कभी धोखा नहीं दिया, और उनके प्रति वफादार रहे। बोनी कपूर ने मोना से 1983 में शादी की थी, लेकिन 1996 में उनका तलाक हो गया था। इस शादी से वह बेटे अर्जुन कपूर और बेटी अंशुला के पिता बने। साल 2012 में मोना का निधन हो गया।

**पत्नी मोना को बताई थी श्रीदेवी के लिए अपनी फीलिंग**

बोनी कपूर ने इंटरव्यू में बताया कि जिस वक्त उन्हें"तपकमअप से प्यार हुआ, वह शादीशुदा थे और मोना के साथ जिंदगी बिता रहे थे। बोनी कपूर के मुताबिक, वह मोना के प्रति ईमानदार रहे। उनके मन में श्रीदेवी के लिए जो फीलिंग्स थीं, उनके बारे में भी पत्नी मोना को बता दिया था। बोनी कपूर ने कहा कि उन्होंने श्रीदेवी से गुपचुप शादी की थी, लेकिन इसकी अनाउंसमेंट तब की जब श्रीदेवी की प्रेग्नेंसी की खबरें हर तरफ फैल गईं।



**2 जून को गुपचुप शादी, इस कारण करनी पड़ी पब्लिक**

वह बोले, श्री से मेरी शादी 2 जून को शिरडी में हुई थी। तभी हमने एक–दूसरे को वचन दिए। हम वहीं थे, हमने वहीं रात बिताई, और जनवरी 1997 में, जब उसकी प्रेग्नेंसी सामने आई, तो हमारे पास पब्लिकली शादी करने के अलावा और कोई चारा नहीं था। हमने पब्लिकली जनवरी 1997 में शादी की। लेकिन अभी भी कुछ लेखक हैं, जो लिखते हैं कि श्रीदेवी शादी से पहले ही प्रेगनेंट हो गई थीं।

**2018 में श्रीदेवी की हुई थी मौत**

बोनी कपूर से शादी करने के बाद श्रीदेवी दो बेटियों– जान्हवी और खुशी की मां बनी थीं। फरवरी 2018 में श्रीदेवी की दुबई के एक होटल के बाथटब में डूबने के कारण अचानक ही मौत हो गई। बोनी कपूर ने कहा कि श्रीदेवी उनकी हिम्मत थीं और वह हमेशा ही उनके ख्यालों में रहती हैं। जिस वक्त उन्हें एक्ट्रेस की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब वह इस दुनिया को छोड़कर चली गईं।

# गोविन्दा ने सलमान और शाहरुख के खिलाफ किया था रोना–धोना

*पहलाज निहलानी ने गोविन्दा के साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में पहलाज ने गोविन्दा के साथ अपने रिश्ते और फिर उन वजहों पर भी बातें की जिनकी वजह से हालात बिगड़ गए। पहलाज ने ये भी आरोप लगाया कि गोविंदा ने सलमान–शाहरुख खान के इर्द–गिर्द झूठी साजिश रची और उनके इस रोने–धोने ने उनके वर्किंग रिलेशनशिप पर काफी असर डाला ।*



बॉलीवुड ठिकाना से बातचीत में पहलाज ने बताया कि पिछले कई सालों में उन्होंने गोविन्दा के साथ काम क्यों नहीं किया है। उन्होंने बताया कि वो डेविड धवन थे जिन्होंने गलतफहमी पैदा की। निहलानी ने कहा कि डेविड को लगता था कि वह उनकी हिट फिल्मों के लिए अकेले जिम्मेवार हैं। लेकिन जब उन्होंने अनिल कपूर के साथ काम शुरू कर दिया तो उन्हें लगा कि उनके साथ धोखा हो रहा। इसके बाद डेविड ने गोविन्दा से उनके खिलाफ बातें करनी शुरू कर दी। पहलाज ने बताया कि कई एक्टर्स ने उन्हें आकर बताया कि डेविड ने उनकी पीठ पीछे चुगली की है। इसलिए जल्द ही दोनों के रास्ते अलग–अलग हो गए। पहलाज ने ये भी कहा कि गोविन्दा ने उनकी फिल्म इसलिए करनी छोड़ दी क्योंकि डेविड ने उनसे ऐसा करने के लिए कहा था।

**गोविन्दा ने रजनीकांत से कहीं बढ़िया परफर्म किया था**

लंबे समय बाद पहलाज और गोविन्दा श्रंगीला राजाश में एकसाथ आए। ये फिल्म रजनीकांत की फिल्म की रीमेक थी और गोविन्दा ने इसमें अच्छा काम किया। पहलाज के मुताबिक, इस फिल्म में गोविन्दा ने रजनीकांत से कहीं बढ़िया परफॉर्म किया था और उन्हें यकीन था कि इसके लिए उन्हें कुछ अवॉर्ड्स जरूर मिलेंगे।

**आरोप लगाने लगे गोविन्दा, आज घर बैठे हैं**

हालांकि, फिल्म रिलीज से ठीक पहले गोविन्दा ने इंडस्ट्री में खुद को साइडलाइन किए जाने को लेकर बातें करने लगे। वह इन सबको लेकर शाहरुख खान और सलमान खान का नाम भी लेने लगे और जिम्मेदार ठहराने लगे। पहलाज ने बताया कि लास्ट मिनट में उनके शोज कैंसिल हो गए। उन्होंने कहा कि आज इन्हीं वजहों से हीरो नंबर 1 एक्टर घर बैठे हैं और उनके पास कोई काम–धाम भी नहीं है। गोविन्दा आखिरी बार रवि चोपड़ा निर्देशित फिल्म श्वदा ये बिंदास है में साल 2021 में नजर आए थे।

# तगड़े शरीर को भी कंकाल बना देगी सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी

*शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी से आपको संक्रमण बढ़ने, बुखार, त्वचा की समस्याएं, बैक्टीरियल ब्लड इन्फेक्शन, दर्द और सूजन, खून की रुकावट, अस्थमा, कमजोरी, थकान आदि जैसे लक्षण और समस्याएं हो सकती हैं। यदि आपको इन लक्षणों में से कुछ दिखाई देते हैं या यदि आपको लगता है कि आपकी सफेद रक्त कोशिकाओं की संख्या कम हो सकती है, तो आपको अपने चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। सफेद रक्त कोशिकाएं बॉडी के ब्लड सिस्टम का अहम हिस्सा हैं और स्वास्थ्य रहने के लिए जरूरी हैं। ये शरीर को संक्रमणों से बचाती हैं और बीमारियों के खिलाफ रक्षा करती हैं। इन्हें बढ़ाने के लिए नीचे बताई चीजों का सेवन करें।*

सफेद रक्त कोशिकाएं यानी वाइट ब्लड सेल्स खून में पाई जाने वाली ब्लड सेल्स हैं, जो बॉडी हेल्थ के लिए जरूरी होती हैं। इनका काम शरीर में ब्लड प्रेशर मेंटेन रखना, खून को साफ रखना और इन्फेक्शन से लड़ना है। इतना ही नहीं, यह इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाती हैं, खून में मौजूद गंदगी को हटाती हैं, संक्रमण को मारकर उन्हें बाहर निकालती हैं।

**संतराः** संतरा विटामिन सी का अच्छा स्रोत होता है, जो सफेद रक्त कोशिकाओं की संख्या बढ़ा सकता है और इम्यून सिस्टम को मजबूत कर सकता है। संतरा एंटीऑक्सीडेंट का भी खजाना है और इसके सेवन से ॅठब बढ़ती हैं।

**आमः** आम में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है, जो सफेद रक्त कोशिकाओं की वृद्धि को बढ़ा सकता है। 1 कप (165 ग्राम) आम आपकी दैनिक विटामिन सी की लगभग 75 प्रतिशत जरूरत पूरी करता है। इससे सफेद रक्त कोशिकाएं बढ़ती हैं।

**अमरूदः** अमरूद भी विटामिन ह का बढ़िया स्रोत होता है और सफेद रक्त कोशिकाओं की मात्रा को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसके अलावा अमरूद ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है।

**अदरकः** अदरक में अच्छी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सफेद रक्त कोशिकाओं की सुरक्षा कर सकते हैं और उन्हें बढ़ाने का काम करते हैं। अदरक के सेवन से ऑटोइम्यून बीमारियों वाले लोगों में सूजन को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।



**ब्रोकली**

ब्रोकली में विटामिन सी बी6, और ए विटामिन की अच्छी मात्रा होती है, जो सफेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। ब्रोकोली के सेवन से इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इनके अलावा पालक, लहसुन, किशमिश, दही और खजूर जैसी चीजों के सेवन से भी वाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।



## बार–बार खुजला रही है आंख, लैपटॉप पर फोकस करने में हो रही दिक्कत

21वीं सदी में हमने डिजिटलाईजेशन के युग में प्रवेश कर लिया है। जहां डिजिटल दुनिया कई सारी प्रगतियां लेकर आई है, वहीं इसके साथ स्वास्थ्य की अनेक समस्याएं भी शुरू हो गई हैं। चाहे काम हो, अध्ययन या छुट्टी, हर आयु समूह के लोगों द्वारा स्क्रीन के सामने काफी ज्यादा समय बिताया जाना आम हो गया है, क्योंकि स्क्रीन हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई हैं। लेकिन स्क्रीन के सामने ज्यादा समय बिताए जाने से हमारे स्वास्थ्य, खासकर हमारी आंखों पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिनमें से एक कंप्यूटर विजन सिंड्रोम है। कम–रेजॉल्यूशन के या पिक्सलेटेड डिस्प्ले कॉन्ट्रैस्ट और क्लैरिटी को प्रभावित करते हैं, जिससे आंखों पर दबाव पड़ता है। रिफ्लेक्शन और ग्लेयर के कारण कई स्क्रीन पर अक्षर बहुत साफ नहीं होते। इससे स्क्रीन पर शब्दों को पढ़ने में आंखों पर दबाव पड़ता है। स्क्रीन के सामने मुद्रा सही न होने पर ग्लेयर और रिफ्लेक्शन हो सकते हैं, जो विजिबिलिटी को घटा सकते हैं। इससे व्यक्ति की मुद्रा तनावपूर्ण और असुविधाजनक हो सकती है। यह खासकर तब ज्यादा नुकसानदायक है, जब व्यक्ति की दृष्टि पहले से ठीक न हो। स्क्रीन को आंखों के तल में होना चाहिए, और व्यूईंग एंगल ऐसा होना चाहिए, जिससे ग्लेयर कम से कम हो।

## संतरे का बाप निकली सब्जियां, भरा पड़ा है विटामिन सी

मौसम में बदलाव हो रहा है। गर्मियों का मौसम जा रहा है और ठंड दस्तक देने वाली है। बदलते मौसम में इम्यून सिस्टम कमजोर होने के सबसे ज्यादा खतरा होता है और यही वजह है कि इस दौरान अधिकतर लोग सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द आदि लक्षणों से पीड़ित रहते हैं। इम्यूनिटी पावर बढ़ाने और संक्रमण व रोगों से बचने के लिए शरीर को भरपूर मात्रा में विटामिन सी की जरूरत होती है। शरीर में विटामिन सी की कमी से आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है और आप बार–बार बीमार हो सकते हैं। एक दिन में कितना विटामिन सी लेना चाहिए? महिलाओं को 1 दिन में 75 मिलीग्राम और पुरुषों को 90 मिलीग्राम विटामिन सी की जरूरत होती है। अक्सर ऐसा माना जाता है कि संतरे में सबसे ज्यादा विटामिन सी पाया जाता है। बेशक यह सच है कि संतरा विटामिन सी का बढ़िया स्रोत है लेकिन रोजाना खाई जाने वाली कुछ सब्जियां भी विटामिन का खजाना हैं और आपको किसी भी कीमत पर इन सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। नींबू भी विटामिन सी का बढ़िया स्रोत है और यह आंतरिक रोगों से लड़ने में मदद कर सकता है।

## 100 साल जीने की गारंटी है ये 5 मिनट की एक्सरसाइज



लंबा और स्वस्थ जीवन हर कोई जीना चाहता है। क्या आप जानते हैं कि लंबा जीवन जीने के उपाय क्या हैं, सौ साल जीने के लिए क्या करें? इसमें कोई शक नहीं है कि हेल्दी डाइट लेना हेल्दी एंड लॉन्ग लाइफ जीने के लिए सबसे जरूरी है लेकिन आपको बता दें कि नियमित रूप से एक्सरसाइज करना भी आपकी लाइफ को बढ़ा सकता है। जापान के अधिकतर लोग ल्कपव ज्पेव वर्कआउट रूटीन को फोल्लो करते हैं और यही उनकी लंबी और स्वस्थ आयु का सबसे बड़ा राज है। इसमें कुछ एक्सपर्ट्स एक बैकग्राउंड म्यूजिक पर लो–इंटेसिटी वर्कआउट करके बताते हैं, जिसका टीवी पर प्रसारण होता है और जापान के लोग रोजाना सुबह करीब 6:30 बजे उठकर यह वर्कआउट करते हैं। इसमें कई तरह की एक्सरसाइज शामिल हैं, जिससे आपके कंधों, गर्दन और पैरों पर काम होता है। कुल मिलाकर इसमें सभी स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज हैं। कमाल की बात यह है कि जापान के लोग पिछले सौ साल से ज्यादा से इस वर्कआउट को कर रहे हैं। वो सुबह जल्दी उठ जाते हैं और एक्सरसाइज करते हैं। ऐसा माना जाता है कि स वर्कआउट को किसी भी उम्र का इंसान कर सकता है। यह सलाह दी जाती है कि अगर किसी को कोई मेडिकल कंडीशन है या इंजरी है, तो उसे इस वर्कआउट को करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

# दिल की सेहत बिगड़ने से हो सकती है इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



इरेक्टाइल डिसफंक्शन पुरुषों के लिए एक गंभीर समस्या है जो एक संकेत हो सकता है कि आपके दिल की सेहत बिगड़ी हुई है, अगर आपको नीचे बताए लक्षण महसूस होते हैं, तो डॉक्टर के पास जाने में देरी न करें। इरेक्टाइल डिसफंक्शन एक पुरुष की संभोग के दौरान कठोर इरेक्शन बनाए रखने में असमर्थता है। सामान्य तौर पर, स्तंभन दोष मनोवैज्ञानिक कारकों जैसे चिंता, घबराहट, और जीवनशैली कारकों जैसे नशीली दवाओं के दुरुपयोग, शराब का सेवन और कई अन्य कारणों से हो सकता है जो चिंता का कारण नहीं हैं, हालांकि कुछ मामलों में, स्तंभन दोष हृदय रोग जैसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का चेतावनी संकेत हो सकता है।

**इरेक्शन बनाए रखने में असमर्थता**

डॉ अमित भूषण शर्मा, डायरेक्टर एंड यूनिट हेड –कार्डियोलॉजी, पारस हेल्थ गुड़गांव के अनुसार, यह 40–70 वर्ष की आयु के बीच के अधिक आयु वर्ग के पुरुषों में अधिक बार होता है। हृदय रोग के मामले में, समय पर उपचार से स्तंभन दोष में मदद मिल सकती है। स्तंभन दोष अक्सर हृदय में अपर्याप्त रक्त आपूर्ति और लिंग में रक्त प्रवाह के प्रतिबंधित होने के कारण होता है। ज्यादातर मामलों में, धमनियों के अंदर प्लाक जमा होने से लिंग तक जाने वाली धमनियां सिकुड़ जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप रक्त प्रवाह कम हो जाता है और स्तंभन दोष हो जाता है। कम रक्त आपूर्ति इरेक्शन प्राप्त करने और बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है।




**इरेक्शन कब होता है?**

इरेक्शन तब होता है जब लिंग में तंत्रिका कोशिकाएं उत्तेजित होने पर रक्त वाहिकाओं को ट्रिगर करती हैं। एंडोथेलियल कोशिकाएं, जो रक्त वाहिकाओं की परत बनाती हैं, नाइट्रिक ऑक्साइड का उत्पादन करती हैं। इससे लिंग में रक्त वाहिकाओं का विस्तार और शिथिलता होती है जिससे रक्त प्रवाह बढ़ जाता है जिसके परिणामस्वरूप इरेक्शन होता है।

**इरेक्टाइल डिसफंक्शन के अन्य कारण**

कुछ मामलों में, हृदय संबंधी समस्याएं जैसे उच्च रक्तचाप, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल का उच्च स्तर, मधुमेह और यहां तक कि धूम्रपान रक्त वाहिकाओं की आंतरिक परत को नुकसान पहुंचा सकता है। रक्त वाहिकाओं की क्षतिग्रस्त परत के कारण, नाइट्रिक ऑक्साइड जारी नहीं हो पाता है और लिंग तक रक्त का प्रवाह सीमित हो जाता है। नतीजतन, पुरुष इरेक्टाइल डिसफंक्शन से पीड़ित हो जाता है।

**इस बात का रखें ध्यान**

हृदय रोग से पीड़ित अधिकांश पुरुष स्तंभन दोष से पीड़ित होते हैं। जीवनशैली में बदलाव के साथ–साथ, किसी व्यक्ति को अपने यौन स्वास्थ्य में सुधार के लिए दवाओं की भी आवश्यकता हो सकती है। जिन पुरुषों में हृदय रोग के अन्य लक्षण जैसे सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और अन्य लक्षण भी दिखाई देते हैं, उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए और बीमारी के लिए दवा लेनी चाहिए। हृदय रोग के कारण स्तंभन दोष वाले पुरुषों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी स्थिति के आधार पर उनके लिए समय पर उपचार प्राप्त करने के लिए एक चिकित्सकीय पेशेवर से परामर्श लें। स्वस्थ जीवन के समग्र दृष्टिकोण के लिए स्तंभन दोष और हृदय रोग का प्रबंधन समान रूप से महत्वपूर्ण है।




**पीएम मोदी ने यूं की तारीफ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि खेलों में भारत अब पहले से कहीं अधिक चमक रहा है। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि को पूरे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एशियाई खेलों में भारत पहले से कहीं अधिक चमक रहा है। 71 पदकों के साथ, हम अपने सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका का जश्न मना रहे हैं, जो हमारे एथलीटों के अद्वितीय समर्पण, धैर्य और खेल भावना का प्रमाण है। प्रत्येक पदक कड़ी मेहनत और जुनून की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालता है। पूरे देश के लिए गर्व का क्षण। हमारे एथलीटों को बधाई।'

## एशियन गेम्स में भारत ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एशियाई खेलों में 70 से अधिक पदक जीतकर भारत ने अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। हांगझोउ में भारतीय दल ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 70 पदकों के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जकार्ता और पालेमबांग में 2018 एशियाई खेलों में आया था जब देश के एथलीटों ने 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य सहित 70 पदक जीते थे। फिलहाल भारत के नाम कुल 74 मेडल हैं और संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। फिलहाल 16 गोल्ड, 26 सिल्वर और 31 ब्रॉन्ज मेडल हैं। इससे पहले मोदी ने एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने पर ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम को बुधवार को बधाई दी और कहा कि उनके असाधारण कौशल, सटीकता और टीम वर्क ने शानदार परिणाम सुनिश्चित किए हैं। उन्होंने कहा, 'मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करने के लिए ज्योति सुरेखा और ओजस को बधाई। उनके असाधारण कौशल, सटीकता और टीम वर्क ने शानदार परिणाम सुनिश्चित किए हैं। उन्हें बधाई।'

# बल्ले से होगा धमाल या गेंदबाज करेंगे कमाल

**क्रिकेट**

## इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मैच से पहले देखें अहमदाबाद की पिच रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत गुरुवार को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मुकाबले के साथ होगी। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। 2019 वर्ल्ड कप का फाइनल इन्हीं दोनों टीमों के बीच खेला गया था। अब भारत में हो रही वर्ल्ड कप की शुरुआत भी इन दोनों टीमों के मुकाबले के साथ ही होगी। 2019 में टाई रहे वर्ल्ड कप फाइनल को ज्यादा बाउंड्री लगाने के कारण इंग्लैंड ने अपने नाम किया था।

**कैसी होगी नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच?:** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर कुल 11 पिच हैं। इसमें काली और लाल दोनों मिट्टी की बनी पिच है। कुछ पिच पर तेज गेंदबाज को मदद है तो कुछ पर स्पिनर का कहर देखने को मिलता है। यहां कुछ ऐसे पिच हैं, जिसपर रन भी काफी बनते हैं। इस मुकाबले में जिस पिच का इस्तेमाल होगा माना जा रहा है कि उसपर काफी रन बनेंगे। इंग्लैंड के पास वैसे भी विस्फोटक बल्लेबाजी है। हालांकि न्यूजीलैंड भी कम नहीं है।



टीम ने प्रैक्टिस मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 346 का लक्ष्य हासिल कर लिया था।

**किसका पलड़ा रहेगा भारी?:** पिछले महीने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच 4 मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी। न्यूजीलैंड ने पहले मैच को अपने नाम किया था। लेकिन उसके बाद वह इंग्लैंड के सामने कहीं नहीं टिक पाई। दूसरे मैच को इंग्लैंड ने 79 रन, तीसरे को 181 रन और चौथे को 100 रन से अपने नाम किया था। आखिरी दोनों वनडे में इंग्लैंड ने 300 का स्कोर बनाया था। वर्ल्ड कप के पहले मैच में भी 300 का स्कोर देखने को मिल सकता है।

**इस प्रकार हैं दोनों टीमें:** न्यूजीलैंडः केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चौपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, विल यंग। इंग्लैंडः जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मालन, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, रीस टॉपले, डेविड विली, मार्क वुड, क्रिस वोक्स।

# इरफान पठान ने फिर पाकिस्तान के लिए मजे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के मजे लेते ही रहते हैं। वह कोई भी ऐसा मौका नहीं छोड़ते जहां पाकिस्तान को ट्रोल किया जा सके। एशिया कप से तो इरफान और भी ज्यादा फॉर्म में हैं। वर्ल्ड कप 2023 से पहले पाकिस्तान टीम ने दो वॉर्मअप मैच खेले। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान इरफान पठान ने फिर ऐसा ट्वीट किया, जिससे पाकिस्तानियों को मिर्ची लग गई होगी।

**इरफान पठान ने क्या लिखा?** इरफान पठान ने पाकिस्तानियों के बारे में लिख दिया कि आप लोग इतने महत्वपूर्ण नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा– पडोसी एक्स पर हर चीज को व्यक्तिगत रूप से ले रहे हैं। आप उतने जरूरी नहीं हो। सब कुछ आपके बारे में नहीं होता है। हालांकि मैं समझता हूँ कि यदि आप वैसा व्यवहार नहीं करेंगे जैसा आप लोग करते हैं, तो आप आकर्षण कैसे प्राप्त करेंगे और जिंदा कैसे रहेंगे!

> जिंदा कैसे रहेंगे.., पड़ोसियों को लग गई होगी मिर्ची!

**क्या इरफान को करना पड़ा ये ट्वीट?:** हर किसी के मन में यही सवाल है कि इरफान पठान ने ये ट्वीट क्यों किया, इसका क्या कॉन्टेक्स्ट है। दरअसल इस ट्वीट से पहले इरफान पठान ने वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैच को लेकर लिखा था। ऑस्ट्रेलिया की टीम डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ से



पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी करवा रही थी। उनकी कुटाई होने के बाद भी प्रमुख गेंदबाज को अटैक पर नहीं ला रही थी। इसपर इरफान ने लिखा था– आजकल बहुत सी टीमें अभ्यास खेल खेलने में रुचि नहीं रखती हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रहे पठान के ट्वीट पर पाकिस्तान से कमेंट आने लगे। इसके जवाब में ही इरफान पठान ने वो ट्वीट किया। उन्होंने साफ बता दिया कि उनका यह ट्वीट पाकिस्तान को लेकर नहीं था और पाकिस्तानी खुल को महत्वपूर्ण मानना बंद कर दें।

## विराट कोहली ने वर्ल्ड कप से पहले खड़े किए हाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 कुछ ही घंटों में शुरू होने वाला है। टूर्नामेंट भारत में भले ही हो रहा है लेकिन टिकट को लेकर काफी मारामारी है। हर कोई वर्ल्ड कप का टिकट चाहता है। भारत के मैचों के टिकट बुकिंग शुरू होने के साथ ही खत्म हो गए। ऐसे में ज्यादातर फैंस को निराशा हाथ लगी। बीसीसीआई पर टिकट की धांधली के आरोप भी लगे। इस बीच अब वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। उससे पहले विराट कोहली ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। विराट कोहली ने वर्ल्ड कप शुरू होने से एक दिन पहले अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की। इसमें पूर्व भारतीय कप्तान ने अपने दोस्तों से साफ कर दिया कि टिकट के लिए उनसे कोई उम्मीद नहीं रखें। विराट ने लिखा– जैसा कि हम विश्व कप के करीब हैं, मैं विनम्रतापूर्वक अपने सभी दोस्तों को बताना चाहूंगा कि वे पूरे टूर्नामेंट के दौरान मुझसे टिकटों के लिए बिल्कुल भी अनुरोध न करें। प्लीज अपने घरों से इंजॉय करें।

## न्यूज डायरी



### टीम इंडिया के साथ... विश्व कप से बाहर होने पर संजू सैमसन का रिएक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन अपने गृहनगर केरल में टीम इंडिया के साथ वापस आ गए हैं, लेकिन अनोखे अंदाज में। भारत और नीदरलैंड विश्व कप अभ्यास मैच के लिए तिरुवनंतपुरम पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों को संजू सैमसन की एक विशाल पेंटिंग के सामने अभ्यास करते देखा गया। सैमसन केरल के लोकल हैं और उनकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। दीवार पेंटिंग में नीचे सुपर सैमसन भी लिखा हुआ है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की और केरल में अपने साथियों का स्वागत करने के लिए एक चुटीला कैप्शन लिखा। उन्होंने लिखा– भगवान के अपने देश टीम इंडिया के साथ!! इसके साथ ही उन्होंने इमोजी भी शेयर की। इस बीच एशिया कप और विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद सैमसन केरल के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) के साथ घरेलू क्रिकेट में वापस आ गए हैं। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले एसएमएटी के लिए अपनी तैयारी शुरू करते हुए केरल शिविर में शामिल हो गए हैं। इस बीच नीदरलैंड के खिलाफ टीम इंडिया का दूसरा अभ्यास मैच बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द हो गया। इससे पहले गुवाहाटी में IND बनाम ENG वॉर्मअप मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

### मनरेगा में की मजदूरी, वेटर का काम, अब एशियन गेम्स में जीता देश के लिए मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को 35 किमी रेस वॉक मिक्स्ड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के पदकों की संख्या 70 पर पहुंचा दी है। राम बाबू ने 2 घंटे 42 मिनट 11 सेकेंड में रेस पूरी की जबकि मंजू रानी 3 घंटे 9 मिनट 3 सेकेंड का समय निकाला। भारत 5 घंटे 51 मिनट 14 सेकेंड के संयुक्त समय के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वह स्वर्ण पदक विजेता चीन की टीम से 34 मिनट 33 सेकेंड से पीछे रहा। 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम में एक देश एक पुरुष और एक महिला या दो पुरुष और दो महिला प्रतिभागियों वाली टीमें रख सकता है। पदक के लिए सर्वोत्तम दो समय मान्य होते हैं। चीन और जापान ने दो पुरुष और दो महिला वॉकरों के साथ प्रतिस्पर्धा की, जबकि भारत, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया की एक–एक जोड़ी उतारी थी। चीन ने 5 घंटे 16 मिनट 41 सेकेंड के समय के साथ एशियाई खेलों में नया रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान दूसरे स्थान पर रहा। राम बाबू ने कोरोना लॉकआउट के दौरान मनरेगा के तहत मजदूरी करते थे। वह मिट्टी खोदने का काम करते थे। इससे पहले वाराणसी में वेटर के रूप में भी काम कर चुके हैं। हालांकि, उन्हें वह नौकरी नापसंद थी और उन्हें लगता था कि वेटर बनने से बेहतर है मिट्टी खोदना। पिछले साल नेशनल रिकॉर्ड बनाने के बाद राम बाबू ने कहा था, श्लोग वेटरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। वे उन्हें कमतर इंसान समझते हैं।

### वर्ल्डकप के वॉर्मअप मैचों का बनकर रह गया है मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी के हर बड़े इवेंट से पहले वॉर्मअप मैचों का आयोजन होता है। इसका मुख्य उद्देश्य टीमों के लिए परिस्थिति समझाना होता है। टीमें उस परिस्थिति में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भांपने की कोशिश करती हैं। लेकिन वर्ल्ड कप 2023 के वॉर्मअप मैच मजाक से ज्यादा कुछ नहीं थे। मानों किसी का भी खेलने का मन नहीं हो। उन्हें जबरदस्ती मैदान पर भेजा गया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने तो वॉर्मअप मैच को लेकर यह तक कह दिया था कि हमारे लिए यहां हासिल करने को कुछ नहीं है। यह बस औपचारिकता ही है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को खुद भी याद नहीं होगा कि उन्होंने आखिरी बार कब गेंदबाजी की होगी। पाकिस्तान के खिलाफ वॉर्मअप मैच में पैट कमिंस ने उन्हें बॉलिंग दी। पहले ओवर में उन्होंने 16 रन दिए। फिर भी कप्तान ने उन्हें दूसरा ओवर दिया। इसमें 25 रन पड़ गए। स्टीव स्मिथ ने 4 ओवर डाले। मार्नस लाबुशेन ने 9 ओवर बॉलिंग की। ये खिलाड़ी शायद ही पूरे वर्ल्ड कप के दौरान एक भी गेंद डालते दिखे। इसके अलावा साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर हेनरिच क्लासेन ने एक गेंद को बल्लेबाज ही नहीं विकेटकीपर के ऊपर से फेंक दिया। भारतीय टीम अच्छी लय में है। पिछले महीने ही एशिया कप जीता।


गृहमंत्री के आगमन की तैयारी पर बैठक करते हुए जिलाधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने गृहमंत्री के आगमन की तैयारी पर की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह के 7 अक्टूबर को प्रदेश में टिहरी जनपद के नरेन्द्र नगर में आयोजित होने वाले सर्किल जोनल कांउसिलिंग की बैठक में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 'जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर समुचित व्यवस्थाओं को त्वरित पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह एवं मुख्य नगर आयुक्त मनुज गोयल व मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

### डेंगू को लेकर दर्ज सभी शिकायतों का हो निस्तारणरू नगर आयुक्त

**संवाददाता** देहरादून। डेंगू को लेकर दर्ज सभी शिकायतों का तय समय पर निस्तारण करें और फॉगिंग और लार्वीसाइड का छिड़काव करने के साथ लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करते रहें। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने नगर स्वास्थ्य अनुभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को यह निर्देश दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि सीएम पोर्टल के माध्यम से डेंगू को लेकर 161 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 158 का निस्तारण हो चुका है। नगर निगम को सीधे 86 शिकायतें मिली, ये सभी निस्तारित हो चुकी हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि सभी वार्डों में बड़ी और छोटी मशीनों से फॉगिंग की जा रही है। अब तक नगर निगम ने 571 चालान काटे हैं।

### दून पुलिस बनी प्रादेशिक फुटबाल प्रतियोगिता की चैंपियन

**संवाददाता** देहरादून। 21वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय/वाहिनी पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब देहरादून पुलिस ने अपने नाम किया। विजेता टीम में शामिल कर्मी बुधवार को ट्राफी के साथ एसएसपी अजय सिंह से मिले। उन्होंने ने भी विजेता टीम की हौसला अफजाई की। तीस सितंबर से लेकर तीन अक्तूबर तक 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार में यह प्रतियोगिता हुई। फाइनल में देहरादून पुलिस की टीम ने हरिद्वार पुलिस की टीम को 3–0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

### दून अस्पताल में युवती की मौत पर हंगामा

**संवाददाता** देहरादून। दून अस्पताल में इलाज के दौरान बुखार से पीड़ित युवती की मौत हो गई। परिजनों ने गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उनकी दून अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों और नर्सिंग स्टॉफ से तीखी नोक–झोंक भी हुई। हालात संभालने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। मामले में एक डॉक्टर के साथ ही तीन नर्सिंग स्टॉफ को इमरजेंसी की ड्यूटी से हटाने के साथ मामले की जांच बिठा दी गई है।

# आज उत्तराखण्ड विश्वस्तरीय पसंदीदा पर्यटन गंतव्य बन रहा है: सीएम

**आयोजन**

■ दिसंबर में उत्तराखंड में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के आयोजन को लेकर दिल्ली में रोड शो का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। दिसंबर में उत्तराखंड में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के आयोजन को लेकर दिल्ली में रोड शो का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में एक साल के अंदर 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री के इस विजन को साकार करने में हम भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत माह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी 20 देशों के सम्मेलन की मेजबानी द्वारा वैश्विक नेताओं को देश के समृद्ध इतिहास, संस्कृति एवं गतिशील अर्थव्यवस्था से परिचित कराने में मदद मिली। उत्तराखण्ड को भी जी 20 की तीन बैठकें आयोजित करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि




उनके इंग्लैंड भ्रमण के दौरान वहां के पर्यटन मंत्री द्वारा इस सम्मेलन की सफलता बयान की। जी 20 के सफल आयोजन से हमें भी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की प्रेरणा मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात की भांति उत्तराखण्ड में ऐसी शुरुआत की गई है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा उत्तराखण्ड को औद्योगिक पैकेज स्वीकार किये जाने से राज्य में औद्योगिक वातावरण के सृजन में मदद मिली। 2014 से पूर्व के कुछ वर्षों में यद्यपि इसमें कुछ व्यवधान रहा किन्तु 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है तथा 1.50 लाख करोड़ की विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा आज उत्तराखण्ड विश्वस्तरीय पसंदीदा पर्यटन गंतव्य बन रहा है। अब तक राज्य में 44 लाख लोग चार धाम यात्रा पर आ चुके हैं। कांवड़ यात्रा में इस वर्ष 4.15 करोड़ शिवभक्त आये जबकि गत वर्ष यह संख्या 3.75 करोड़ रही थी। पर्यटन सीजन में राज्य के सभी होटल, होम स्टे आदि की फुल बुकिंग रही, यह राज्य के पर्यटन के लिये निश्चित रूप् से शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है, इसके लिये सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटि आदि पर ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से लन्दन एवं बर्मिंघम के रोड शो के दौरान 400 से अधिक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

राज्य में लाइसेंस आदि के अनुमोदनों के लिए ''सिंगल विंडो सिस्टम'' की व्यवस्था में सुधार किया गया है। इस आयोजन हेतु राज्य के लिये फोकस सैक्टरों की पहचान की है जिनमें राज्य के पारम्परिक क्षेत्रों जैसे पर्यटन, आयुष, वेलनेस, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाईल्स, फार्मा के साथ–साथ वैकल्पिक ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र सम्मिलित हैं। इन सेक्टर्स में निवेश योग्य परियोजना प्रस्ताव भी साथ–साथ तैयार किये जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निवेशकों के पास राज्य में विभिन्न निवेश अवसरों का आकलन करने हेतु एक विशिष्ट रेफरेंस उपलब्ध हो। सरकार द्वारा मजबूत नीतिगत ढांचे में निवेशक हितैषी नीतियां बनाने के लिए विगत 4 माह में 27 से अधिक नीतियों को या तो बनाया गया है या नवीनीकृत किया गया है।

### उत्तराखंड को आर्थिक रूप से सक्षम राज्य: सचिव मुख्यमंत्री

सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुंदरम ने अपने संबोधन में उत्तराखंड को आर्थिक रूप से सक्षम राज्य बताते हुए देश भर के उद्यमियों को उत्तराखण्ड में निवेश के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का वातावरण उद्योगों के सर्वथा अनुकूल है। रोड़ शो के दौरान महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा द्वारा अपने विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उत्तराखण्ड में निवेशकों की सुविधाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों, राज्य के औद्योगिक, आर्थिक, विकास, पर्यटन की संभावनाओं के साथ आर्थिक एवं औद्योगिक विकास के राष्ट्रीय परिदृष्य में उत्तराखण्ड के योगदान एवं प्रयासों की जानकारी प्रदान की।

# चाकू से डराकर महिला को लूटने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**खुलासा**

■पुलिस ने लूटे गए 30 हजार रुपये और करीब सवा सात लाख रुपये के गहने किए बरामद

**संवाददाता**

देहरादून। वसंत विहार क्षेत्र के मोहित नगर में उरेडा की एकाउंट को बंधक बनाकर हुई लूट का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। आरोपी घटना से तीन दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। जेल से निकलने के बाद कोई वारिस नहीं था। खर्च चलाने के लिए सहारा न होने पर उसने महिला के घर जाकर चाकू के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को



गिरफ्तार कर पुलिस ने उससे लूटे गए 30 हजार रुपये और करीब सवा सात लाख रुपये के गहने बरामद किए हैं।

एसएसपी अजय सिंह ने बुधवार को घटना खुलासे की जानकारी दी। वसंत विहार थाना क्षेत्र के मोहित नगर में नम्रता वोहरा का घर है। पति की मौत हो चुकी है, जबकि दोनों बच्चे राज्य से बाहर रहते हैं। वह उरेडा में एकाउंटेंट के पद नौकरी करती हैं। वह बीते सोमवार रात अपने बेडरूम में सो रही थी। रात करीब पौन एक बजे बाथरूम गई और वापस आकर अपने बेड पर लेटी। तभी एक लुटेरा आया, उसने उनके गले पर चाकू लगा दिया। महिला को चाकू की नोंक पर लेकर घर से सवा सात लाख रुपये के सोने गहने और करीब पचास हजार रुपये नगदी लूट ली। इसके बाद आरोपी दीवार कूदकर फरार हो गया था। पुलिस ने मंगलवार सुबह केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसएसपी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास चार किमी दायरे में लगे लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए। साथ ही क्षेत्र से पूर्व में अपराधिक मामलों में जेल गए 150 अपराधियों का डाटा खंगाला गया। इस दौरान पता लगा कि अंकित ठाकुर उर्फ गटर (29) निवासी शास्त्रीनगर खाल, इंदिरानगर पूर्व में चोरी और नशा तस्करी में जेल जा चुका है वह वारदात से चार दिन पहले ही जेल से छूटकर आया।

### उत्तराखण्ड और जे एस डब्लयू नियो एनर्जी लिमिटेड के मध्य हुआ 15 हजार करोड़ का एमओयू

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में बुधवार को नई दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के रोड शो के अवसर पर उत्तराखण्ड सरकार और जे एस डब्लयू नियो एनर्जी लिमिटेड के मध्य 15 हजार करोड़ का एमओयू किया गया। एमओयू के तहत अल्मोड़ा में 1500 मेगावाट के 2 पम्प स्टोरेज का विकास किया जाएगा द्य इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड में पंप स्टोरेज प्लांट, सीमेंट, स्पोर्ट, ट्रेनिंग सेंटर, पेयजल, कुमाऊ के मंदिरों पुनर्दधार व सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में सहयोग की अपेक्षा की। एमओयू के तहत जे०एस० डब्ल्यू एनर्जी 1500 मेगावाट क्षमता के अल्मोड़ा में 2 स्व–पहचान वाली पंप स्टोरेज परियोजनाएं स्थापित करने की योजना पर कार्य करेगी, जिसे अगले 5–6 वर्षों में विकसित किया जाएगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।